भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3901 का उत्तर

स्वीकृत रेल परियोजनाएं

3901. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में, विशेषकर मध्य जोन और दक्षिण मध्य जोन में रेल परियोजनाओं, सर्वेक्षण कार्यों, अधूरी और लंबित परियोजनाओं की स्वीकृति और धनराशि की मांग की स्वीकृति के संबंध में सरकार को कुल कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) प्राप्त हुए प्रस्तावों में से वर्ष-वार/जोन-वार कुल कितने प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है; और

(ग) इस संबंध में परियोजना-वार कितनी धनराशि आवंटित/खर्च की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): रेल परियोजनाओं के लिए, औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों, प्रस्ताव/सुझाव/अभ्यावेदन रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालयों आदि सहित रेलवे के विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकारों, केन्द्र सरकार के मंत्रालयों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि, से प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/सुझावों का प्राप्त होना एक सतत प्रक्रिया है, इसलिए

इन अनुरोधों का केन्द्रीकृत संग्रह नहीं रखा जाता। नई लाइनों, मीटर आमान का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन के लिए सर्वेक्षण और व्यवहार्यता अध्ययन आदि भारतीय रेल की एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और ये कार्य राज्य सरकारों, केन्द्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांग और रेलवे की अपनी आवश्यकताओं के आधार पर किए जाते हैं।

गत तीन वर्ष अर्थात 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त होने के अध्यधीन, बजट में कुल 154 रेल परियोजनाएं शामिल की गई हैं। प्रत्येक परियोजना पर खर्च की गई राशि, धनराशि का आबंटन और व्यय का ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.indianrailways.gov.in >Ministry of Railways >Railway Board >About Indian Railways >Railway Board Directorates >Finance(Budget) >2019-20_List_of_Works में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

******